मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 अंक - 38 मुंबई, सोमवार, दिनांक 12 जून से 18 जून 2023 पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये

# ठाणे में शिंदे शिवसेना और बीजेपी के बीच बढ़ रही खाई... !

## सांसद श्रीकांत शिंदे की इस्तीफे की घोषणा के बाद माहौल गर्म

**ठाणे:** ठाणे जिले में शिंदे शिवसेना और बीजेपी के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इसी बीच, बीजेपी ने रविवार को ठाणे शहर में 'मेलावा' कार्यक्रम का आयोजन किया है। डॉ. काशिनाथ घाणेकर सभागार में होने वाले कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होने वाले हैं। यहां मोदी सरकार की पिछले 9 साल की योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें लोगों के बीच प्रचारित करने की बात कही जा रही है। लेकिन, कार्यक्रम के जरिए पार्टी की ताकत दिखाने का प्रयास कहा जा रहा है। इसे एक प्रकार से मुख्यमंत्री के गढ़ में बीजेपी का शक्ति प्रदर्शन बताया जा रहा है। कार्यक्रम में



राज्य के चिकित्सा शिक्षा मंत्री गिरीश महाजन, कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, लोक निर्माण मंत्री रविंद्र चव्हाण उपस्थित रहेंगे। बैठक का नेतृत्व विधायक संजय केलकर, गणेश नाईक, प्रदेश महासचिव माधवी नाइक, पूर्व सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे करेंगे। ठाणे लोकसभा क्षेत्र के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों के साथ बूथ प्रमुख, शक्ति केंद्र प्रमुख उपस्थित रहेंगे। विधायक निरंजन डावखरे, मंदा म्हात्रे, गीता जैन, रमेश पाटील, पूर्व सांसद संजीव नाईक, पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता, संदीप नाईक आदि नेताओं को भी न्योता है।

बता दें कि रविंद्र चव्हाण की उपस्थिति में कल्याण में हुई बैठक में आगामी लोकसभा में बीजेपी की पसंद के उम्मीदवार को ही मदद करने तथा मुख्यमंत्री के सांसद पुत्र श्रीकांत शिंदे को किसी भी प्रकार का सहयोग न किए जाने का फैसला किया गया। शिंदे शिवसेना और बीजेपी के अंदरूनी तनाव के खुल कर सामने आने के बाद झल्लाए सांसद श्रीकांत को यहां तक कहना पड़ा कि कुछ लोग शिंदे शिवसेना और बीजेपी के बीच जानबूझकर दरार डालना चाहते हैं।

# अमित शाह के सवाल पर संजय राउत का जवाब



**मुंबई:** अमित शाह के भाषण के दौरान उद्धव ठाकरे पर उठाए गए सवाल पर संजय राउत ने रविवार को पलटवार किया है। उद्धव गुट के नेता और सांसद संजय राउत ने तंज कसते हुए अमित शाह से भी कई सवाल किए। जाति और धर्म के आधार पर किसी को आरक्षण नहीं मिलना चाहिए। मणिपुर में क्या हो रहा है, वहां की हिंसा क्यों नहीं थमी? उन्होंने कहा कि ये बीजेपी का महासंपर्क अभियान कम और उद्धव ठाकरे की आलोचना का कार्यक्रम लग रहा था।

संजय राउत ने क्या जवाब दिया

संजय राउत ने कहा कि अमित शाह देश के गृह मंत्री हैं। उन्हें देश की कानून व्यवस्था पर बात करनी चाहिए। मणिपुर में क्या हो रहा है आप देख सकते हैं। वहां की हिंसा क्यों नहीं थमी? उन्होंने कहा कि 4 सवाल जो अमित शाह ने पूछे

# दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि देने पहुंचे संस्था के पदाधिकारी....

दिनांक 31 मई 2023 को भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था के संरक्षक श्री प्रेम शंकर शर्मा



ग्राम बेलौना कला के परम पूज्य चाचा श्रीमान नंदलाल शर्मा का देहावसान हो गया। जिसमें संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने अपने पदाधिकारियों के साथ बेलौन कला पहुंचकर कहां की हृदय को अत्यंत पीड़ा देने वाले इस दुख की घड़ी में मृतक आत्मा के लिए दो मिनट मौन होकर ईश्वर से प्रार्थना करें कि दिवंगत आत्मा को परम शांति और मोक्ष प्राप्त हो। तथा उनके स्नेही जन इन कठिन परिस्थिति में साहस और संयम प्राप्त करें। तत्पश्चात सभी पदाधिकारियों ने दो मिनट मौन होकर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना किए कि दिवंगत आत्मा जहां भी हो ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दे वहां संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा,संस्था के वरिष्ठ संरक्षक अनिल शर्मा(मुम्बई)के बड़े भाई रामनिहोर शर्मा,प्रेरणा स्रोत व संरक्षक लक्षण धारी शर्मा पूर्व प्रधान, श्री प्रसाद शर्मा, राम कीर्ति शर्मा एडवोकेट, डा0विवेक शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा,पंचम राम शर्मा, विद्या सागर शर्मा अध्यापक,राम जनक शर्मा,नन्हकू शर्मा, राजमणि शर्मा,नन्हे लाल शर्मा,विमल शर्मा,प्रह्लाद शर्मा, सैलून संघ अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना लाल शर्मा, डा0जय प्रकाश शर्मा, नागेंद्र शर्मा, प्रधान महासचिव मनोज कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, उपकोषाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा,कार्यकारिणी सदस्य कर्मराज शर्मा, राजेंद्र शर्मा, रिंकू शर्मा तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुंबई कांग्रेस की नवनियुक्त अध्यक्ष वर्षा गायकवाड का सत्कार



**मुंबई–** मुंबई कांग्रेस की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती वर्षा गायकवाड (पुर्व मंत्री, विधायक) का सत्कार उनकेचेंबुर स्थित निवास स्थान पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. बाबुलाल सिंह (पुर्व उपाध्यक्ष मुंबई कांग्रेस), उत्तर भारतीय सेल महाराष्ट्र कांग्रेस के महासचिव डॉ.सचिन सिंह, डॉ. आर. एम. पाल (शिक्षाविद), शरीफ खान (अध्यक्ष समता हाकर्स युनियन) ने शाल एवम पुष्प गुच्छ भेंट कर किया।

इस अवसर पर वर्षा गायकवाड ने निवेदन किया कि मुंबई मनपा, लोकसभा, विधान सभा के चुनाव सिर पर हैं, सभी को मिल जुल कर पार्टी को मजबूत बनाना है। आप सभी से सक्रिय सहयोग की आवश्यकता है।

### इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज उत्तर-प्रदेश के (पीएचडी स्कॉलर)

# श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा जी का मुंबई आगमन पर भव्य स्वागत हुआ

**इलाहाबाद,** केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रयागराज के वरिष्ठ शोध छात्र नरेन्द्र कुमार शर्मा जी का सामाजिक सरोकारों के लिए अनवरत समर्पित श्री अनिल सिंह एवं चन्द्र भूषण सिंह के द्वारा माल्यार्पण सह अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि (श्री नरेन्द्र शर्मा जी मुंबई में आयोजित शोध विषयक अंतर्राष्टीय कान्फ्रेंस में अपना शोध पत्र प्रस्तुत करने आये थे) अपने लक्षित कार्य को पूर्ण करने के पश्चात नरेन्द्र जी नें अपने व्यस्ततम समय में से समय निकालकर अपना वेसकीमती समय दिया है। स्वागत के इस कम में अपनी बात रखते हुए श्री अनिल शर्मा जी ने कहा कि वर्तमान दौर ऐसा है कि जिसमें मित्रों शुभचिंतकों की कमी नही हैं। लेकिन अधिकांशतः आभाषी प्रकृति के ही हैं। हाँ ये बात जरूर है कि उन शुभचिंतकों में से कछ प्रतिशत ही ऐसे शुभचिंतक है। जो शुभचिंतक होने के मर्म को समझते हैं। उन शुभचिंतकों की फेहरिस्त में बहुत ही महत्वपूर्ण नाम पीएचडी स्कॉलर श्री नरेन्द्र शर्मा जी का भी है। अनिल शर्मा जी ने आगे अपनी बात रखते हुए कहा कि इस पल को यदि हम सोने पर सुहागा जैसे है, तो अतिसंयोक्ति नहीं होगी। क्योंकि श्री चन्द्र भूषण जी के जन्म दिन के इस विशिष्ट अवसर पर इस विशिष्ट स्थान पर श्री चंद्रभूषण जी की उपस्थिति सोने जैसी तो श्री नरेन्द्र शर्मा जी की उपस्थिति सुहागा के जैसी प्रतीत हो रही है।

स्वांगत के इस कम में श्री चंद्रभूषण शर्मा ने कहा यह हमारे लिए खुशी की बात है श्री नरेन्द्र शर्मा जैसी शख्सियत का हमें सानिध्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों के दिलों में प्यार मोहब्बत हो तो दूरी मायने नहीं रखती, आज के समय यह एक बडी चिंता का विषय हो गया है। बदलते परिदृष्य में लोगों ने भौतिक उन्नति तो की परन्तु व्यक्ति



की जीवंतता को प्रमाणित करने वाले सांस्कृतिक मूल्य में लगातार कमी आती जा रही है।

स्वागत के पश्चात श्री चन्द्रभूषण शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आये कंक को बचन्द्रभूषण शर्मा, अनिल शर्मा, नरेन्द्र शर्मा ने संयुक्त रूप से काटने के बाद कमशः नरेन्द्र शर्मा, अनिल शर्मा ने ह्लबर्थडे ब्वायह्व चन्द्रभूषण जी को केक खिलाते हुए सुखी, स्वस्थ्य, सकिय एवं लम्बी आयु की कामना की। इसके पश्चात जल, जलपान किया गया, जल, जलपान के दौरान विविध प्रकार के समसामयिक, सामाजिक विषयों पर गहन चर्चा हुई, इस चर्चा के दौरान श्री नरेन्द्र जी ने बताया कि हमारी टीम द्वारा नंदवंशीय समाजः भूत, वर्तमान, एवं भविष्य विषयक शोध प्रोजेक्ट के लिए उत्तर प्रदेश के दस जनपदों (उत्तर में गोण्डा, बहराइच, दक्षिण में झांसी, ललितपुर, पूर्व में गोरखपुर, देवरिया, पश्चिम में सहारानपुर, शामली, मध्य में लखनऊ, रायबरेली) जनपदों का चयन किया गया है। उपर्यक्त जनपदों में से प्रत्येक जनपद से अनुसूची या प्रश्नावली के माध्यम से विविध प्रकार के चर या वैरियेबल (स्थिति ग्रामीण-शहरी, लिंग महिला-पुरूष, वर्ग अमीर-गरीब, भू स्वामित्व भूमिहार-भूमिहीन, व्यवसाय, प्रतिनिधि, ) आदि के आधार पर प्रत्येक जनपद से 20 चयनित परिवारों से कल 200 आंकड़ा प्राप्त करते हुए, डाटा फीडिंग एवं आंकडों के विश्लेषण में विभिन्न टूल्स एवं टेक्निक का प्रयोग करते हुए प्राप्त निष्कर्ष को जन-जन तक पहुँचाने का लक्ष्य है। इस विशिष्ट कार्य में प्रदेश की राजधानी लखनऊ से श्री सतीश नंदवंशी, श्री बासुदेव सेन एवं जनपद राय बरेली में पीएन ठाकुर एवं केमाध्यम से आंकडा इकटठा किया जा चुका है। जबकि शेष अन्य जिलों में कार्य अभी चल रहा है।

इस अतिमहत्वपूर्ण कार्य से यथासंभव समग्र जानकारी युक्त दस्तावेज आधारित सृजन से पुस्तक या रिपोर्ट प्राप्त हो सकेगी। जो सामाजिक न्याय की लड़ाई में महत्वपूर्ण आंशिक योगदान दे सकने में सहायक होगी। इस विशिष्ट कार्य के होने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन सर्वश्री आदित्य नारायण सेन (प्रयागराज), श्री लाल बहादुर शर्मा तकनीकि सहायक (आजमगढ), श्री प्रदीप शर्मा शिक्षक बहराइच, ), श्री प्रवेश शर्मा (सांख्यिकीय अधिकारी अयोध्या), श्री उमेंश नंद (गोरखपुर), आदि के द्वारा समर्पित होकर किया जा रहा है। इस कम में नरेन्द्र जी ने आग्रह करते हुए कहा इस विशिष्ट कार्य में कोई व्यक्ति, संगठन, संस्थान, व्यक्तिगत रूप में योगदान करना चाहता है तो कर सकता है।

इस दीर्घकालिक परिचर्चा के पश्चात सभी एक दूसरे का आभार व्यक्त करते हुए, एक दूसरे से जुडे रहने के वादे के साथ अपने-अपने गंतव्य की ओर निकल पडे।

## अति आवश्यक सूचना

**आप सभी को सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि 18/06/23 रविवार को सुबह 10बजे से AIMCEA विंध्याचल मण्डल की तरफ से एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मिजार्पुर तहसील चौराहे के पास राधे लॉन में किया गया है जिसमे प्रक्षिक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष माननीय बी डी नंद जी तथा प्रदेश महासचिव माननीय प्रदीप कुमार वर्मा जी के साथ साथ प्रदेश उपाध्यक्ष माननीय इंद्र जीत शर्मा जी सहभाग कर रहे हैं साथ में राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद शर्मा नंद तथा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी घनश्याम शर्मा जी की गरिमामई उपस्थिति रहेगी अतः आप सभी से विनम्र निवेदन है कि आप मिजार्पुर सोनभद्र तथा भदोही जनपद के सभी पदाधिकारी अपने तहसील ब्लॉक के पदाधिकारियों को साथ लेकर अपने साथ कलम और डायरी लेखन के लिए लेकर समय से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं**

**स्थान : राधे लॉन तहसील चौराहे से पांडे पुर रोड पर समय : 10 बजे सुबह**

**रवि शंकर शर्मा नंद (मण्डल अध्यक्ष)**

**AIMCEA विंध्याचल मण्डल मिजार्पुर**



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# भारत विरोधी गतिविधियों की खबरें

यूं तो कनाडा की धरती से भारत विरोधी गतिविधियों की खबरें अक्सर आती रहती हैं लेकिन बीते सप्ताह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी निकालने की घटना ने सभी हदें पार कर दी। जो बताती है कि कनाडा में भारत विरोधी पृथकतावादियों के हौसले कितने बुलंद हैं और उन्हें सत्ता में शामिल लोगों का संरक्षण मिला हुआ है। चार जून को हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हर भारतीय राष्ट्रवादी उद्वेलित हुआ है। जिसके चलते भारत सरकार ने भी घटना का कड़ा प्रतिवाद किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कड़े शब्दों में कहा है कि ये घटना न तो भारत-कनाडा संबंधों के लिये और न ही कनाडा के लिये ठीक है। यूं तो कहने के लिये भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरन मैक ने इस घटना की निंदा की है, और कहा है कि उनके देश में हिंसा व नफरत के महिमामंडन के लिये कोई स्थान नहीं है। लेकिन वहीं कनाडा सरकार के एक मंत्री ने भारत पर उसके अंदरूनी मामलों में दखल देने का कुतर्क दोहराया है। दरअसल, कनाडा को समझ नहीं आ रहा है कि चरमपंथ, पृथकतावाद और हिंसा की तपिश का ताप देर-सवेर उसे भी महसूस करना पड़ेगा। दुनिया के कई देशों ने ऐसे कृत्यों को संरक्षण की कालांतर कीमत चुकायी है। इस बात का अहसास कनाडा के हुक्मरानों को जितनी जल्दी हो सके, अच्छा है। दरअसल, कनाडा में अलगाववादियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि कभी वे पृथक देश के मुद्दे पर जनमत संग्रह की बात करते हैं, कभी भारतीय उच्चायोग को घेरते हैं, भारतीयों पर हमले करते तो कभी मंदिरों को निशाना बनाते हैं। जिसको देखकर भी कनाडा सरकार चुप्पी साध लेती है। दरअसल, अलगाववादी उस स्याह सच पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहे हैं जिसकी बड़ी कीमत पंजाब ने चुकायी है। बड़ी कुबार्नी देकर पंजाब आज शांत माहौल में प्रगति के नये आयाम स्थापित कर रहा है।

निस्संदेह, ऐसा भी नहीं है कि कनाडा में रहने वाले सारे भारतीय मूल के लोग अलगाववाद के पक्षधर हैं। आज कनाडा विकास के जो नये मानक स्थापित कर रहा है उसमें पंजाब के लोगों का बड़ा योगदान है। लेकिन सकारात्मकता और नकारात्मकता के बीच स्पष्ट विभाजन जरूरी है। विडंबना यह है कि वोट बैंक की पॉलिटिक्स के चलते कनाडा सरकार चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करने से गुरेज कर रही है। दरअसल, पंजाब मूल के लोगों के वर्चस्व वाले एक राजनीतिक दल का ट्रूडो सरकार की बैशाखी होना भी इस तरह की घटनाओं के प्रति वहां सरकार की अनदेखी की एक वजह है। इस दल में भी अलगाववादियों का दबदबा बताया जाता है। जाहिर है जब तक भारत कनाडा सरकार पर कूटनीतिक दबाव नहीं बनायेगा तब तक इन बेलगाम हरकतों पर काबू पाना मुश्किल होगा, तब तक ब्रैंपटन शहर जैसी परेड की घटनाएं दोहरायी जाती रहेंगी। जो किसी भी सभ्य समाज को परेशान करती रहेंगी। इतना ही नहीं कनाडा की धरती से जो भारत विरोधी गतिविधियों व अपराध का संचालन हो रहा है उसे रोकने के लिये भी केंद्र सरकार को सजग रहना होगा। वहीं दूसरी ओर कनाडा में पढ़ने गये सात सौ के करीब छात्रों के भविष्य को लेकर उठ रहे सवाल भी परेशान करने वाले हैं। एजेंटों की धोखाधड़ी से कनाडा गये ये छात्र पढ़ाई के बाद कनाडा में नौकरी भी कर रहे हैं। लेकिन जब उन्होंने स्थायी नागरिकता के लिये आवेदन किया तो पाया गया कि उनके कागज जाली थे। जिसके चलते कनाडा सरकार उन्हें वापस भारत भेजने का प्रयास कर रही है। जिसके खिलाफ ये छात्र आंदोलनरत हैं और इसकी सरगर्मी पंजाब में भी दिखायी दे रही है। हालांकि, कनाडा के प्रधानमंत्री ने मामले के न्यायसंगत समाधान का वायदा किया है लेकिन इन छात्रों के भविष्य पर तलवार तो लटक ही रही है।

# शरद पवार ने खोला 'राज'!

**महाराष्ट्र :** शरद पवार की पार्टी एनसीपी में शनिवार को बड़े बदलाव किए गए. शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल को एनसीपी का कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया. इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि ये सब शरद पवार के भतीजे अजित पवार को पावरगेम से बाहर करने के लिए किया गया है. हर कोई इसी बात का जवाब जानना चाह रहा है कि अजित पवार को पार्टी में पद क्यों नहीं दिया गया. हालांकि, अब इस पर शरद पवार बयान



दे चुके हैं. शरद पवार ने बताया कि उनके भतीजे अजित पवार को पार्टी में पद क्यों नहीं दिया गया? इसकी वज ह क्या है. आइए एनसीपी में चल रहे पावरगेम के बारे में जानते हैं. एनसीपी चीफ शरद पवार ने कहा कि पार्टी के 2 कार्यकारी अध्यक्षों की नियुक्ति करने का उनका निर्णय ये सुनिश्चित करने के लिए है कि एनसीपी के आलाकमान के पास देश भर में पार्टी के मामलों पर नजर रखने के लिए पर्याप्त हाथ हों. सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को एनसीपी का कार्यकारी अध्यक्ष एपॉइंट करने के बाद शरद पवार ने कहा कि देश में हालात ऐसे हैं कि सभी राज्यों का जिम्मा सिर्फ एक शख्स को देना गलत होगा.

### सुप्रिया को क्यों बनाया कार्यकारी अध्यक्ष?

**शरद पवार से जब ये पूछा गया कि क्या प्रफुल्ल पटेल और सुप्रिया सुले को कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का फैसला अजित पवार को बुरा नहीं लगेगा. इसके जवाब में एनसीपी चीफ शरद पवार ने कहा कि उनके भतीजे अजित पवार पहले से ही काफी जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं. महाराष्ट्र विधानसभा में अजित पवार विपक्ष के नेता हैं.**

### जब अजित पवार ने मिला लिया था BJP से हाथ


**गौरतलब है कि शरद पवार ने एनसीपी के 24 वर्ष पूरे होने पर पार्टी की वर्षगांठ के दिन ही दो कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की. जान लें कि अजित पवार ने साल 2019 में बीजेपी के साथ हाथ मिला लिया था. देवेंद्र फडणवीस मौजूदगी में मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ भी ले ली थी.**

## औरंगजेब की तस्वीर सोशल मीडिया 'प्रोफाइल' के लिए इस्तेमाल करने पर एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी




**मुंबई :** महाराष्ट्र में नवी मुंबई पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मुगल बादशाह औरंगजेब की तस्वीर को कथित तौर पर अपने व्हाट्सएप 'प्रोफाइल' के रूप में इस्तेमाल करने के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। एक हिंदू संगठन द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना) और धारा 153-ए (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# तीन दिन पहले ही दिखने लगा तूफान का रौद्र रूप, मुंबई में उठ रहीं ऊंची लहरें...



**मुंबई :** चक्रवातीय तूफान बिपरजॉय अब अपना रौद्र रूप अपनाने लगा है. रविवार को चक्रवातीय तूफान में बदलने के बाद से यह भारतीय तट की ओर बढ़ रहा है. 15 जून तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया था, लेकिन तीन पहले ही गुजरात में इसका असर दिखना शुरू हो गया है. सौराष्ट्र और कच्छ के तट पर तेज हवाएं चलने लगी हैं. गुजरात के साथ ही महाराष्ट्र और केरल में भी समुद्र तट में ऊंची-ऊंची लहरे उठने लगी हैं. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने गुजरात में येलो अलर्ट जारी किया है. भारतीय मौसम विभाग ने रविवार देर रात चक्रवात बिपरजॉय को लेकर गुजरात के लिए येलो अलर्ट जारी किया. आईएमडी ने लिखा, सौराष्ट्र और कच्छ तट के लिए येलो अलर्ट. 15 जून की दोपहर तक बिपरजॉय के मांडवी (गुजरात) और कराची पाकिस्तान के बाच से गुजरने की संभावना है.

**मुंबई में फ्लाइट पर असर**

मौसम विज्ञान विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक, भले ही अभी तीन दिन का सयम है लेकिन इसका असर अभी से ही दिखने लगा है. सोमवार (12 जून) को मुंबई के तट पर तेज हवाएं चल रही हैं, जिसके असर से समुद्र से ऊंची लहरें उठकर किनारे से टकराने लगी हैं. ऐसे दृश्य केरल के तिरुवनंतपुरम से भी सामने आएं हैं, जिनके वीडियो समाचार एजेंसी एएनआई ने जारी किए हैं. मुंबई में बीती रात से चल रही तेज हवाओं और बारिश की वजह एयरपोर्ट पर विमान सेवा प्रभावित हुई है. बीती रात से कई फ्लाइट या तो रद्द किए गए या डाइवर्ट किए गए हैं.

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# काम ईमानदारी से करें, सफलता आपके कदम चूमेगी - भारती

## विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** जरहाभाठा स्थित विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी (उपासना एजूकेशन ट्रस्ट) में नर्सिंग के बच्चों का प्रमाण पत्र वितरण समारोह प्रार्थना भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनरल ड्यूटी असिस्टेंट का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड सीपत के जनसंपर्क अधिकारी पीआर भारती थे। सिम्स के डॉक्टर विवेक शर्मा,शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य एसएल निराला, छत्तीसगढ़ स्कूल के प्राचार्य



प्रशांत चिपड़े, हरी मॉडल स्कूल की प्राचार्या ज्ञानी सराफ, सड़क सुरक्षा मिशन के श्रीवास्तव, संजीवनी हॉस्पिटल की फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर मार्टिना जॉन, उपासना संस्था से पुष्पा वैष्णव व समाजसेवी पायल लाठ विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीआर भारती ने इस अवसर पर कहा कि बच्चे अपना काम ईमानदारी से करें, सफलता अवश्य उनके कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी काम छोटा नहीं होता, बस काम करने का जज्बा होना चाहिए फिर देखिये सफलता आपके रंग लाएगी। जेपी वर्मा कॉलेज के प्रिंसिपल एसआर निराला ने कहा कि सीमित फीस और संसाधन में विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी नर्सिंग के बच्चे तैयार कर रही, यह गर्व का विषय है। डॉक्टर विवेक शर्मा ने कहा कि नर्सिंग के क्षेत्र में विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी ने छत्तीसगढ़ में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, इसके लिए संस्था की सचिव संध्या चंद्रसेन बधाई की पात्र हैं। सभा को प्रशांत चिपड़े और डॉक्टर मार्टिना जॉन ने भी संबोधित किया। संस्था की सचिव संध्या चंद्रसेन ने कहा कि इतनी कम फीस में नर्सिंग के आठ सौ बच्चे तैयार करके हमें सुकून है। आज हमारे बच्चे छत्तीसगढ़ के विभिन्न हॉस्पिटलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के एमएल सोनी ने आभार प्रकट किया।

संस्था के दो विद्यार्थियों रंजिता बंजारे एवं मधु कौशिक को सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार दिया गया।संस्था के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी से अध्यक्ष मिंटू अरोरा, सचिव संध्या चंद्रसेन,मनीषा सैमुएल, दीप जोशी, मानसी सिंह, योगेश चंद्रवंशी , नेहा, लीसा, विनीता, आर्या, अंकिता कुमार और नेहरू युवा केंद्र से एमएल सोनी व धनेश उपस्थित रहे।

# मंत्रिमंडल विस्तार के पहले बड़ी खबर...

## एकनाथ शिंदे गुट के पांच मंत्री हटेंगे? इस नेता ने किया दावा



**महाराष्ट्र :** आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महाराष्ट्र में सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। यह भी चर्चा चल रही है कि जल्द ही शिंदे- फडणवीस सरकार का दूसरा कैबिनेट विस्तार होगा। इस बीच, यह दावा किया जा रहा है कि बीजेपी आलाकमान की तरफ से महाराष्ट्र सरकार में एकनाथ शिंदे के पांच मंत्रियों को हटाए जाने की बात कही गई है। एकनाथ शिंदे गुट के पांच नेताओं को मंत्रिपद से हटाने का दावा एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे ने किया है। एकनाथ खडसे के इस बयान से राजनीतिक हलकों में अफरातफरी मच गयी है। खडसे के मुताबिक इन पांच मंत्रियों में से एक नाम गुलाबराव पाटिल का भी है। बता दें कि बीती 4 जून को महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस ने दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इसलिए जल्द ही मंत्रिमंडल विस्तार होने की बात सामने आ रही है। उत्तर महाराष्ट्र में एनसीपी के दिग्गज नेता एकनाथ खडसे ने कहा कि राज्य में कई जगहों पर बीजेपी और शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के बीच मतभेद सामने आ रहे हैं। मीडिया में इस तरह कि खबर सामने आ रही है कि बीजेपी आलाकमान ने स्टैंड लिया है कि महाराष्ट्र में शिवसेना के पांच कैबिनेट मंत्रियों को पद से हटाया जाना चाहिए। बीजेपी को लगता है कि यह पांचों मंत्री निष्क्रिय हैं। दरअसल यह मंत्री बीजेपी कार्यकर्ताओं का काम मंत्री नहीं करते। इसलिए उनमें बीच में मतभेद हैं। इसमें जलगांव जिले के संरक्षक मंत्री गुलाबराव पाटिल भी शामिल हैं। जलजीवन मिशन योजना का काम पूरा नहीं हो पाया है। इस काम में भ्रष्टाचार की भी आशंका है। इस संबंध में एक रिपोर्ट दिल्ली में सीनियर लीडर्स के पास गई है। इसलिए एकनाथ खडसे ने यह सनसनीखेज दावा किया कि बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने यह स्टैंड लिया है कि गुलाबराव पाटिल को हटाया जाना चाहिए। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी ने शनिवार को कहा कि बीजेपी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को हर एक लोकसभा सीट के लिए रुलाएगी। एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत के प्रतिनिधित्व वाली कल्याण लोकसभा सीट पर सत्तारूढ़ गठबंधन में कलह के बीच महाविकास अघाड़ी ने यह टिप्पणी की है। दरअसल श्रीकांत शिंदे ने शुक्रवार को कहा था कि कुछ नेता अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए डोंबिवली क्षेत्र (कल्याण लोकसभा सीट के तहत) में गठबंधन में बाधा पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। श्रीकांत शिंदे ने कहा कि वह यह सीट छोड़ने के लिए तैयार हैं क्योंकि उनका उद्देश्य साल 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ नरेंद्र मोदी सरकार की वापसी सुनिश्चित करना है। कहा कि कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र (अविभाजित) शिवसेना का गढ़ था और पार्टी वर्षों से वहां से जीत रही थी। वह सीट श्रीकांत शिंदे को दी गई थी, जिनका पार्टी से कोई संबंध नहीं था। उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे के बेटे से बड़ा लाड़-प्यार किया था। बीजेपी अब उन्हें (एकनाथ शिंदे) को हर एक सीट के लिए रुलाएगी

# कलवा पूर्व मे संघर्ष बोर्ड का उद्घाटन मिलिंद पाटिल के हाथो किया गया



**कलवा,** कलवा पूर्व रेलवे स्टेशन पर माननीय विधायक डा श्री जितेन्द्र आव्हाड के आशीर्वाद से युवा संघर्ष रिक्शा चालक मालक संघटना बोर्ड का उद्घाटन थाने मनपा के पूर्व विरोधी पक्षनेता (नगरसेवक) मिलिंद पाटील जी के हाथों सम्पन्न हुआ। जिसमें सभी कलवा पूर्व के सभी रिक्शा चालक सदस्य, पदाधिकारी भारी तादात मे मौजुद थे जिसमें अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, उप अध्यक्ष गणेश कदम, खजिन्दार साहेब लाल मौर्या,सेक्रेटरी किरण बिरजे,उप सेक्रेटरी अशोक राय, नंदू राणे, कैलाश पवार, संतोष वर्मा, तुसार उत्तेकर, कालू भाई, अमित प्रजापति, कमलेश मौर्या, संतोष चौहान, अमर भाई,अक्षय भाई, अनेक पदाधिकारी व रहिवासी, कार्यकर्ता बडी संख्या में उपस्थित हुए,कलवा के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी बी पी शर्मा, एनसीपी हिन्दीभाषी सेल के थाने कार्याध्यक्ष पीके सिंह, अशोक चौबे, हीरालाल यादव, राजेश ठाकुर, किरण पाटिल सहित नगर के जिसमें, इंदिरा नगर, शिवशक्ति नगर, घोलाई नगर, आतकोनेश्वर नगर, पौंडपाडा, भास्कर नगर सभी रिक्शा चालक मालक उपस्थित हुए। और जितेन्द्र आव्हाड साहेब आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ है की जोरदार नारे लगा मिलिंद पाटील जी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया एवं अभिनंदन किया।

# गाजियाबाद के धर्मांतरण मामले का आरोपी शाहनवाज अलीबाग के लॉज से गिरफ्तार

**ठाणे :** गाजियाबाद के धर्मांतरण मामले का आरोपी शाहनवाजअलीबाग के लॉज से गिरफ्तार , गाजियाबाद में 400 लोगों के धर्मांतरण मामले में फरार चल रहे आरोपी शाहनवाज को आज ठाणे और गाजियाबाद पुलिस ने मिलकर अलीबाग के लॉज से गिरफ्तार किया है । बता दे अलीबाग के एक लॉज में अपने भाई के साथ आरोपी शाहनवाज रुका हुआ था जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया है और मुंब्रा पुलिस स्टेशन लाया है अब आगे की कानूनी कार्रवाई के बाद ही पता चल पाएगा कि 400 लोगों का धर्मांतरण का जो आरोप था वह क्या सच है? गाज़ियाबाद पुलिस ने आरोपी शाहनवाज खान उर्फ बद्दो को ऑनलाइन गेमिंग एप्लीकेशन के जरिए बच्चों के धर्म परिवर्तन में शामिल रैकेट चलाने के आरोप में महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले से गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने बताया कि उसे अलीबाग शहर से गिरफ्तार किया गया है. आरोपी ठाणे जिले के मुंब्रा का रहने वाला है. गाजियाबाद पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी. गौरतलब है कि पिछले दिनों गाजियाबाद में एक ऑनलाइन गेमिंग एप्लीकेशन के जरिए धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया था. इसमें शाहनवाज खान और गाजियाबाद की एक मस्जिद के मौलवी के खिलाफ अवैध धर्मांतरण निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी. पुलिस ने कहा था कि गाजियाबाद के एक व्यक्ति ने पिछले महीने शिकायत दर्ज कराई थी कि मौलवी अब्दुल रहमान और बद्दो ने हाल ही में 12वीं पास करने वाले उसके बेटे का धर्मांतरण कराया था.




### लड़के का जबरन धर्म परिवर्तन कराने का आरोप...

**इस मामले में मुंब्रा पुलिस और गाजियाबाद पुलिस ने मिलकर शाहनवाज को महाराष्ट्र के अलीबाग से गिरफ्तार किया है. शाहनवाज पर लड़के का जबरन धर्म परिवर्तन कराने का आरोप है. अलीबाग और मुंब्रा पुलिस पिछले कई दिनों से संयुक्त अभियान के तहत शाहनवाज की तलाश कर रही थी. लेकिन वह बार-बार ठिकाना बदल रहा था. इस दौरान उसके परिजनों से पूछताछ की गई. इस दौरान उसकी कॉल डिटेल से पता चला कि आरोपी मुंबई के वर्ली में छिपा हुआ है. इसके बाद जब पुलिस वर्ली पहुंची तो शाहनवाज वहां से भागकर रायगढ़ के अलीबाग चला गया और एक लॉज में छिप गया. फिर पुलिस वहां पहुंची और रात भर चेकिंग की. इसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया. पूछताछ में उसने बताया कि दोनों की एक-दूसरे को साल 2021 में फोर्टनाइट गेमिंग ऐप के जरिए जान पहचान हुई थी. इसके बाद वे एक-दूसरे से बात करने के लिए डिस्कॉर्ड का इस्तेमाल करने लगे. फिर फोन पर भी बात करने लगा.**

### चैट में इस्लाम में शामिल होने के फायदे बताता था


इसके बाद दोनों ने फोर्टनाइट पर गेम खेलना बंद कर दिया. लेकिन, 2021 के दिसंबर में वेलोरेंट गेम के जरिए दोनों ने फिर से गेम खेलना शुरू किया. डिस्कॉर्ड एप पर शाहनवाज की अच्छी रैंकिंग से आकर्षित होकर लड़के उससे चैटिंग किया करते थे. इस बीच शाहनवाज लड़कों को बरगलाया करता था और चैट में ही इस्लाम में शामिल होने के फायदे बता देता था. आपको बता दें कि बच्चों को समझा-बुझाकर धर्म परिवर्तन का यह पूरा खेल दो चरणों में अंजाम दिया गया था. पहला कदम है बच्चों के साथ ऑनलाइन गेम खेलना और दूसरे चरण में बच्चों के साथ एक ऐप के जरिए चैट करना और उन्हें इस्लाम के फायदे बताना. पहले चरण में हैंडलर हिंदू नामों से आईडी बनाते थे. तब हिंदू बच्चों को 'फोर्टनाइट' गेम खेलने के लिए उकसाते थे. असली खेल तो तब शुरू हुआ जब बच्चा हार गया. खेल हारने के बाद,

### 'बद्दो के कहने पर कबूला इस्लाम...'

**शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसका बेटा एक ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिए बद्दो के संपर्क में आया और उससे अक्सर बात करता था. इसके बाद उनका रुझान इस्लाम अपनाने की ओर हुआ. लड़के ने अपने पिता से कहा था कि बद्दो के समझाने पर उसने इस्लाम कबूल कर लिया है.**

बच्चे को बताया गया कि यदि वह कुरान की एक आयत पढ़ेगा तो वह जीत जाएगा. इसके बाद जब बालक ने श्लोक पढ़कर खेल खेला तो उसे एक षड़यंत्र के तहत जिता दिया गया. इस तरह बच्चे का रुझान मुस्लिम धर्म की तरफ बढ़ गया होगा. इसके बाद दूसरा चरण शुरू होगा। 'डिस्कॉर्ड' एप के जरिए बच्चे से चैटिंग की जाती थी। बच्चे का भरोसा जीतने के बाद उसे इस्लाम के बारे में जानकारी दी गई.

# जन्मदिन पर हार्दिक बधाई शुभकामनाए



कराड महाराष्ट्र निवासी जल शुद्धिकरण यंत्र के तज्ञ इंजिनियर, आदर्श परिवार, के अभय जी चव्हाण की सौभाग्यवती, संस्कारी परिवार Athavr गेहलोत परिवार की लाड़ली बिटिया सौ सोनाली ताई अजयजी चव्हाण इसे जन्मदिन पर हार्दिक बधाई शुभकामनाए अभिनंदन आशीष।।

**सौ लता अशोक पवार**
**अशोक लालचंद पवार**
**अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन।।**
**राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना के सभी मान्यवर पदाधिकारी।।**
**गोला परिवार, पाथर्डी.**
**राजस्थान सेन समाज ट्रस्ट मंडल नाशिक नगर पुणे नागपुर संभाजी नगर।।**
**नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश,राजस्थान,एमपी, नई दिल्ली, जयपुर, इंदौर।।**

# राज्य में विभिन्न सड़कों पर 1,004 दुर्घटना संभावित क्षेत्र, राष्ट्रीय राजमार्ग पर सबसे अधिक 610 'ब्लैक स्पॉट'




**मुंबई :** राज्य में विभिन सड़कों पर १,००४ दुर्घटना संभावित क्षेत्र (ब्लैक स्पॉट) पाए गए हैं। इस संबंध में सूची हाल ही में परिवहन विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग को दी गई है और इस संबंध में उचित कार्रवाई के निर्देश संबंधितों को दिए गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर सबसे अधिक ६१० 'ब्लैक स्पॉट' दर्ज किए गए हैं, जबकि मुंबई में यह संख्या ४८ दर्ज की गई है।

राज्य का परिवहन विभाग विभिन्न राजमार्गों और सड़कों पर दुर्घटनाओं के स्थानों को 'ब्लैक स्पॉट' निर्धारण करता है। इसके बाद इन स्थानों की सूची लोक निर्माण विभाग को सौंपी जाती है। इसके मुताबिक परिवहन विभाग ने सूची तय कर कुछ दिन पहले ही जानकारी दी है। इन 'ब्लैक स्पॉट्स' को रिकॉर्ड कर सड़क को चौड़ा करने, दिशा पटल लगाने और अन्य प्रबंधन समेत एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। इस सूची के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुल ६१० जगहों को 'ब्लैक स्पॉट' घोषित किया गया है। उनमें से ज्यादातर ४५ शहरों में पाए जाते हैं।

# तीन सालों में 27,294 लोगों ने कैंसर से अपनी जान गंवाई



**मुंबई :** महाराष्ट्र में रोजाना औसतन २५ मरीज कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की वजह से अपनी जान गंवा रहे हैं। यह चौंकानेवाला आंकड़ा राज्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग की तरफ से साझा की गई जानकारी में सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक पुरुषों में मुख का कैंसर और महिलाओं में सर्वाधिकल के साथ ब्रेस्ट कैंसर के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं।

इन आंकड़ों से यह साफ हो गया है कि महाराष्ट्र के लोगों के लिए अब कैंसर काल बनता जा रहा है। दूसरी तरफ विशेषज्ञों की मानें तो कैंसर को लेकर अधिक जागरुकता की जरूरत है। बीमारी को तभी मात दिया जा सकता है, जब इसका समय पर पता चलते ही शीघ्र उपचार शुरू हो जाए।

# राष्ट्रीय जनता दल अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला प्रधान महासचिव पुनः दूसरी बार राजकुमार ठाकुर नंदवंशी को बनाया गया '

मुजफ्फरपुर ,राष्ट्रीय जनता दल अति पिछड़ा प्रकोराष्ट्रीय जनता दल अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला प्रधान



महासचिव पुनः दूसरी बार राजकुमार ठाकुर नंदवंशी को बनाया गया 'ष्ठ के जिला प्रधान महासचिव पुनः दूसरी बार राजकुमार ठाकुर नंदवंशी को बनाया गया ' राजकुमार ठाकुर नंदवंशी को जिला प्रधान महासचिव बनाए जाने पर नाई समाज सहित अति पिछड़ा समाज में खुशी की लहर है' जिला प्रधान महासचिव बनाए जाने पर राजकुमार ठाकुर नंदवंशी ने बताया कि राजद परिवार ने मुझ पर भरोसा जताते हुए जो पद दिया है मैं श्रद्धा और निष्ठा पूर्वक इमानदारी से पद का गरिमा रखते हुए पार्टी के मजबूती के लिए काम करता रहूंगा ' मैं इसके लिए सहृदय राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो गरीबों, दलितों, वंचितों की आवाज आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी, युवाओं के आइकॉन बिहार के उपमुख्यमंत्री मान्यवर तेजस्वी प्रसाद यादव जी, एवं राष्ट्रीय जनता दल अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय अरविंद साहनी जी के प्रति आभार प्रकट करता हूं '

बधाई देने वाले में मुख्य रूप से डॉक्टर गुड्डू ठाकुर, रामचंद्र सहनी, रेनू साहनी, दीपक ठाकुर, राज किशोर शर्मा ,संजय ठाकुर, बबलू पंडित ,केदार शाह ,सुजीत गुप्ता ,मनीष गुप्ता ,दशरथ ठाकुर, अनिल महतो ,मनोज प्रभाकर, राकेश सिंह, बबलू मालाकार ,अंशु कुमार ,विनोद ठाकुर, आरती देवी, युवा नेता संतोष कुमार ठाकुर ,पप्पू गुप्ता सहित सैकड़ों लोगों ने दूरभाष, फेसबुक व्हाट्सएप के माध्यम से बधाई दिया.

# मौलिक अधिकार पार्टी की संविधान प्रचार यात्रा आगमन की सूचना

**मौलिक** अधिकार पार्टी के सभी सम्मानित सदस्य एवं पदाधिकारी गण अथवा भारत देश के किसी भी शहर जिले या गांव में निवास करने वाले भारत के वे नागरिक जिन्हें आज भी मौलिक अधिकार प्राप्त नहीं हुए हैं या जिन्हें संविधान में उल्लेखित किए गए अपने मौलिक अधिकारों की जानकारी ही नहीं है उन्हें सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश से निकली हुई संविधान प्रचार यात्रा 13 जून 2023 मंगलवार को मध्य प्रदेश के रीवा जिले में नगर भ्रमण करने के पश्चात 14 जून 2023 बुधवार को सतना जिला के कोटर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टिकुरी से कोटर, पवैया, बाबूपुर, बदखर होते हुए दोपहर 12:00 बजे सतना शहर के सिमरिया चौक स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात यात्रा के नेतृत्वकर्ता व मौलिक अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी शास्त्री जी पत्रकारों से चर्चा के माध्यम से आम जनमानस को संविधान के उन महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी देंगे जिनको समझने के बाद कोई भी नागरिक शासन से अपने मौलिक अधिकारों की मांग कर सकता है लड़ सकता है। पत्रकारों से चर्चा के बाद संविधान प्रचार यात्रा सिमरिया चौक से कृष्ण नगर के रास्ते अस्पताल चौक, पन्नीलाल चौक, चौक बाजार, बिहारी चौक होते हुए जय स्तंभ चौक पहुंचकर शहीदों को पुष्प अर्पण करेगी।

इसके बाद सिटी कोतवाली के रास्ते कलेक्ट्रेट, जवाहर नगर, सिविल लाइन क्षेत्र के विराटनगर में भोजन उपरांत कोठी तिराहा से कोठी मझगवां होते हुए चित्रकूट के लिए प्रस्थान करेंगी। चित्रकूट में रात्रि विश्राम के बाद 15 जून गुरुवार को संविधान प्रचार यात्रा इलाहाबाद के लिए रवाना होगी। संपूर्ण यात्रा में मौलिक अधिकार पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल सेन बटुक, संतोष विश्वकर्मा प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश, राम बहादुर शर्मा प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश, मेवा लाल यादव प्रदेश प्रवक्ता उत्तर प्रदेश, अरविंद जयसवाल प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश, जंग बहादुर कोरी जिला अध्यक्ष फैजाबाद एवं सुरेश बौद्ध मुख्य संगठन सचिव उत्तर प्रदेश यात्रा के साथ रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री सेन ने सभी लोगों से अपील की है कि इस यात्रा का अधिक से अधिक लाभ लेने का हर संभव प्रयास करें।



कुलाबा. भारतीय जनता पार्टी, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष श्री. चंद्रशेखर बावनकुळे साहेब द्वारा भारतीय जनता पार्टी, कुलाबा विधानसभा के चुनाव प्रमुख पद पर मा. नगरसेवक श्री. जनक जितेंद्र संघवी की नियुक्ति की गई है. भाजपा दक्षिण मुंबई उपाध्यक्ष श्री जनक जितेंद्र संघवी की यह अति महत्व के पद पर नियुक्ति पर हार्दिक हार्दिक अभिनंदन.
हेमंत मेहेर, मंडळ अध्यक्ष अमित ठाकूर, युवा मोर्चा अध्यक्ष,गणेश रा.प्र.दुबे (उपाध्यक्ष युवा मोर्चा)प्रविणा मोदी, महिला मोर्चा अध्यक्षा. हौशिला प्रसाद गुप्ता. और तमाम जनक संघवी जी के चाहने वाले कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर है .



शिव राज्याभिषेक तिथि पार महाराज को अभिवादन करते हुए वैजापूर के विधायक प्रा रमेश जी बोणारें, बीजेपी Jilha सरचिटनिस डॉ दिनेश भाऊ परदेशी, सेवा निवृत्त शिक्षण अधिकारी धोंडिराम सिंह ठाकुर,नगरसेवक, शिव छत्रपति स्मारक समिति के पदाधिकारी, पत्रकार मार्केट कमेटी सदस्य प्रशांत त्रिभुवन, महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक पवार khandalkar आदी मान्यवर।।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष वित्तविहीन प्राइमरी/ जूनियर स्कूल एकता संघ भारत

**विषय प्रबंधक/ प्रधानाध्यापक बैठक हेतु ।**

**श्रीमान**



समस्त प्रबंधक और प्रधानाध्यापक आपको अवगत हो विद्यालय की तमाम समस्याओं और शिक्षक के मानदेय ,बच्चों के और विद्यालयों के शुल्क प्रतिपूर्ति के संबंध में दिनांक_ 13-6-2023, दिन मंगलवार को सर्वेश्वरी शिशु विकास विद्या मंदिर पुरंदरपुर ,गोराई वाराणसी में एक बैठक आहूत की गई है । जिसमें हम सभी लोग अपने विचार को रखेंगे और अपनी आवाज को बुलंद करने के लिए जिले, प्रदेश के और पदाधिकारी का घोषणा भी किया जाएगा ।सरकारी विद्यालय में पढ़ रहे बच्चे को जो सुविधाएं प्रदान हो रही है, वह हमारे समस्त बच्चों को भी प्राप्त हो। विद्यालय में अध्यापन कार्य कर रहे शिक्षक का एक निश्चित मानदेय निर्धारित हो, जिससे उनका परिवार खुशहाल हो सके। कानून के अंतर्गत 6 से 14 वर्ष के समस्त बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का प्रावधान है। जिसका पालन सरकार द्वारा आज तक नहीं हुआ अतः आप सभी प्रबंधक/प्रधानाध्यपक अपना बहुमूल्य समय निकालकर उक्त तिथि को प्रातः 8:00 उपस्थित होकर अपने आवाज को सूबे के मुखिया तक पहुंचाने में कामयाब हो। जिससे विद्यालय के छात्र /शिक्षक का भविष्य उज्जवल हो।

नोट- प्रेसवार्ता का समय 9:00 बजे प्रातः।

## संस्था के पदाधिकारी वर वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे



**जौनपुर,** बदलापुर भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था के उपाध्यक्ष अखिलेश शर्मा 'गुड्डु' के भतीजी की शादी में संस्था के पदाधिकारी वर वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे ।उपस्थित पदाधिकारी संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा,डा.विवेक शर्मा,मुन्ना लाल शर्मा,विनोद कुमार शर्मा, निलेश शर्मा, शैलेंद्र शर्मा तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।



महाराष्ट्र प्रदेश की पूर्व स्कूली शिक्षा विभाग मंत्री व वर्तमान विधायिका वर्षा गायकवाड़ को मुंबई कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुंबई कांग्रेस वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ दिनेश हेगड़े ने चेंबूर सेल कॉलोनी में उनके निजी आवास पर शाल और गुलदस्ता देकर उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर दक्षिण मध्य मुंबई जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव शंकर खडतरे,निलेश नानचे भी मौजूद थे। (फोटोः-कपिलदेव खरवार)



आल इंडिया महापद्मनन्द कम्युनिटी एजुकेटेड एसोशिएशन की आवश्यक बैठक कैमूर भभुआ में कन्नी राम धर्मशाला में पूर्व प्रमुख माननीय किशोरी ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ।बैठक में मुख्य अतिथि माननीय इन्द्रजीत शर्मा जी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष के देख-रेख में जिला पदाधिकारीयो का चयन किया गया ।बैठक में संयोजक राम भोग शर्मा ह्य डाक्टर दिनेश शर्मा,इन्द्रदेव शर्मा,चन्द्रशेखर शर्मा,राम अशीष शर्मा,राकेश शर्मा,गोविंद शर्मा,गोपाल ठाकुर,सरस्वती देवी आदि नन्द वन्शी उपस्थित रहे।

## शादी समारोह में शामिल संस्था के पदाधिकारी



दिनांक 11 जून 2023को भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था के पदाधिकारी गड़ेरिहा,महराजगंज में संस्था के कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप कुमार शर्मा (बीडीसी)के यहां शादी समारोह में संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना लाल शर्मा पहुंच कर वर वधू को आशीर्वाद दिए।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com